## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में टॉप टेन में

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में प्रदेश स्तर से जारी ग्रेडिंग में प्रथम समूह में जिला पंचायत कटनी ए ग्रेड के साथ आठवां स्थान अर्जित कर टॉप टेन में शामिल रही है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिला पंचायत कटनी ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 629 शिकायतों में से 543 शिकायतों को संतुष्टि पूर्ण ढंग से बंद कर कर 85.54 प्रतिशत वेटेज के साथ ए ग्रेड के साथ प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के यथोचित निराकरण हेतु सघन निगरानी करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। सीईओ श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे अधिकारियों कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए और भी बेहतर कार्य करते हुए शिकायतों का निराकरण करने को कहा है।

### जिले के 1163 मतदान केन्द्रों पर मनाया जायेगा मतदाता दिवस

**कटनी।** जिले के सभी 1163 मतदान केन्द्रों पर गरूवार 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। इसी दिन भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंनवेंशन सेंटर में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मख्य आतिथ्य में भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत . अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जायेगी साथ ही शासकीय मतदाता दिवस पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विधानसभा निर्वाचन . 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण किया जायेगा। युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया जायेगा और राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं को शपथ दिलाई जायेगी।

### शिकायतों का निराकरण करने वाले 3 अधिकारी होंगे पुरस्कृत

**कटनी।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के अवसर पर जिले में सीएमण हेल्पलाइन उत्कृष्ट कार्य कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले कटनी जिले के तीन एल.1 अधिकारियों को शासन स्तर से प्रशस्ति . पत्र से पुरूस्कृत करने हेतु चयन किया गया है। शासन स्तर से जिन तीन अधिकारियों का नाम चयन किया गया है उनमें खाद्य नागरिक आपूत्रि एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बड़वारा यज्ञदत्त त्रिपाठी, समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह सहित गृह विभाग के बरही में पदस्थ निरीक्षक अरविंद चौबे का नाम शामिल है। अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा पुलिस अधीक्षक कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी एवं जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी को पदस्थ उक्त कर्मचारियों को प्रशस्ति . प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानें हेतु पत्र प्रेषित किया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए लिंक खुली

**कटनी।** सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022.23 के वे छात्र जो पूर्व में किसी कारणवश शैक्षणिक सत्र 2022.23 के नवीन एवं नवीनकरण आवेदन करने से वंचित रह गए उनके लिए एम.पी.टी.ए.एस.एस पोर्टल पर 25 जनवरी 2024 तक ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है।

## खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर रखी जा रही नजर

# रेत के अवैध परिवहन पर एक लाख 19 हजार रूपए का लगाया जुर्माना

खनिज संपदा से भरपूर जिले में नियमों के विपरीत खनिजों का अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नजर रखी जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज अमला कार्यवाही कर रहा है। नदी घाटों से मनमाने तरीके से उत्खनन करने वालों पर लगातार जुर्माना की कार्यवाही की जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश के बाद खनिज विभाग द्वारा एक 6 चक्का वाहन से एक लाख 19 हजार 750 रूपये की प्रशमन शुल्क की राशि वसूल की गई है। खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है और कड़ी नजर रखी जा रही है साथ ही खनिज के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि भी जमा कराई जा रही है।

खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार बीते 25 दिसंबर 2023 को कार्यवाही के दौरान ग्राम जुहला रपटा पेट्रोल पंप जिला कटनी में आकस्मिक जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 21 एच 2173 डम्फर 6 चक्का वाहन से अनावेदक चालक एवं मालिक दीपक साहू निवासी आजाद वार्ड क्रमांक 10 विजयराघवगढ़ द्वारा 10 घनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने के कृत्य पर मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के नियम 19 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

जिला खनिज अधिकारी द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण में एक लाख 19 हजार 750 रूपये प्रशमन राशि अधिरोपित कर अनावेदक को प्रशमन शुल्क की राशि जमा करनें हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया गया। अनावेदक द्वारा उक्त प्रशमन शुल्क की राशि जमा हो जाने के पश्चात जप्तशुदा वाहन को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में वाहन की आवश्यकता न होने पर विधिवत मुक्त किये जाने की विधि संगत कार्यवाही करनें हेतु प्रकरण कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के नियम 19 के तहत कार्यवाही करते हुए परिवहनकर्ता द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि एक लाख 19 हजार 750 रूपये की राशि जमा कर दिये जाने के पश्चात वाहन मुक्त करनें की कार्यवाही की जाकर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सौंपे कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को पुलिस लाइन ग्राउण्ड झिंझरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 के आयोजन संबंधी तैयारियों के संबंध में जिले विभिन्न तैयारियों के संबंध में विभिन्न अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे है।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जारी आदेशानुसार अधिकारियों को समतलीकरण, पुताई, सभी कार्यालयों एवं स्कूलों में ध्वजारोहण, बेरिकेटिंग, बांस बल्ली, मार्च पास्ट, शामियाना गेट, कुर्सी, माईक, पेयजल, बैठक व्यवस्थाए विद्युत प्रवाह, झांकियों, लेखन कार्य, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मोमेंटो, आमंत्रण पत्र, गुब्बारे, पेयजल व्यवस्थाए अस्थाई शौचालय, फूलमाले, गमले, एम्बूलेंस, चिकित्सा दल, परेड मार्च पास्ट हेतु बैंड, राष्ट्रीय ध्वज, परेड हेतु निरीक्षण, कथक, कला पृथक दल द्वारा देष भक्ति तराने का कार्यक्रमए विभागीय झांकियां, व्हीआईपी गेट से प्रवेश, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों एवं

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों, एवं झांकियों के विजेताओं को मिलेगा पुरस्कार**

लोकतंत्र सेनानियों शहीद सैनिकों के परिवारजनों को कार्यक्रम में आमंत्रण वितरण एवं बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में कार्य दायित्व सौंपे है।

अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शासनादेशों एवं जेल मेन्युवल के प्रावधानों के अनुरूप बंदियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने एवं उक्त दिवस में बंदियों को विशिष्ट भोजन की व्यवस्था करानें हेतु निर्देशित किया है।

अपर कलेक्टर द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन ग्राउण्ड झिंझरी कटनी में आयोजित होनें वाले परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों एवं भारत पर्व में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के चयन में आम नागरिकों की वोटिंग हेतु क्यू आर कोड स्केनर बनानें व इसके फ्लैक्स तैयार कराकर कार्यक्रम स्थलों पर भिन्न . भिन्न स्थानों में प्रदर्शित करनें की व्यवस्था का दायित्व आयुक्त नगर निगम एवं एन.आई.सी केडीएआईएओ को सौपा गया है।

**जिले की 10 ग्राम पंचायतों में पहुंची संकल्प यात्रा**

## भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने की नागरिकों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार 23 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत करोंदी खुर्द जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत कुमहरवारा व पटीकला, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के पड़रभटा व सिलौंडी जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत भानपुरा 1 एवं बडखेरा, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत पिपरिया परोहा व खरखरी सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत डोकरिया पहंची। इस दौरान संकल्प यात्रा का सिानीय ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।



कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि शासन की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। यात्रा के दौरान उपस्थित जनों द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने शपथ दिलाई गई।

आज 24 जनवरी को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बिचपुरा एवं करौंदीकलॉ, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत गौरहा व कंडा मर्दानगढत्र, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के महगवां बड़खेरा व उमरियापान जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत केवलारी एवं छहरी, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत पिपरिया पटौंहा व जमुनिया सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत धवैया व जारारोडा पहुंचेगी। इस दौरान लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

## गणतंत्र दिवस समारोह स्थल का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को गरिमामय रूप से मनाने निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने मंगलवार प्रात: 11:30 बजे, गणतंत्र दिवस की व्यवस्थाओं हेतू मुख्य समारोह स्थल झिंझरी पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री शुक्ल ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाऐं समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक यंत्री सुनील सिंह उपयंत्री जेपी बघेल पवन श्रीवास्तव अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रोके जाने पर कांग्रेस ने घंटाघर में किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम में रोके जाने के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कटनी के घंटाघर चौक में धरना प्रदर्शन किया।




इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि पिछले दो दिनों में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिलों पर सुनियोजित हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं की गई है। भाजपा न्याय यात्रा पर हमले करवा रही है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर गुमान सिंह ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के असम में प्रवेश करते ही असम की भाजपा समर्थित सरकार व्यवधान पैदा कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनु दीक्षित ने कहा कि अफसोस की बात हैं, कि भाजपा और उसके मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा असम में इस शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की पुरजोर कोशिश कर रहे है। शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय की मांग करने के उद्देश्य को लेकर भारत जोड़ों न्याय यात्रा की जा रही हैं, जिसे भाजपा रोक रही है।

**स्टॉल में रूककर ड्रोन तकनीक के संबंध में ली जानकारी**

## कटनी के ड्रोन प्रशिक्षण स्टॉल की भोपाल में धूम, सीएम एवं मंत्रियों ने दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री पहलाद जोशी ने कटनी जिले मे युवाओं को ड्रोन तकनीक से जोड़ने के लिए शुरू किये नवाचार प्रोजेक्ट पंख के प्रदर्शन स्टॉल का भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में अवलोकन किया। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने ड्रोन जैसी नई तकनीक के क्षेत्र में कटनी के बढ़ते कदमों के बारे मे जानने के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखाई और प्रभावित हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय खनन मंत्रालय के सचिव वी.एल. कांताराव भी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय मंत्री ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मे लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी मे जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जिला खनिज प्रतिष्ठान सहित देश की प्रमुख खनन कंपनियों, निजी एजेंसियों और स्टार्ट-अप द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कटनी जिले में माइनिंग फंड से लोगों की जिंदगी बदलने के लिए किये जा रहे सराहनीय कार्य का प्रदर्शन स्टॉल लगाया गया।

बताते चलें कि भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हुई द्वितीय नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट माइनिंग मिनिस्टर्स के कार्यक्रम के लिए मध्यप्रदेश खनिज विभाग द्वारा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से जिले मे विकासात्मक कार्यो एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु पूरे प्रदेश से केवल कटनी जिले के प्रोजेक्ट पंख का चयन किया गया।

कटनी जिले के युवाओं को प्रोजेक्ट पंख के तहत ड्रोन तकनीक में दक्ष करने के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर अवि प्रसाद कहते है कि प्रोजेक्ट पंख के तहत प्रशिक्षणार्थियों को ड्रोन उड़ाने के साथ-साथ ड्रोन तकनीक की सभी विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थी इन विधाओं में महारत भी हासिल कर रहे है। विदित हो कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कटनी जिले के 47 प्रशिक्षु देश की नामचीन ड्रोन कंपनियों में चयनित हो चुके है।

### जनसुनवाई में 90 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

## ट्रांसफार्मर शिफ्ट किये जाने से हो रही समस्या, फसल हो रही नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने दूर-दराज से आए आवेदकों के आवेदनों और उनकी समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना और तत्परता पूर्वक यथोचित निराकरण और आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा और प्रमोद चतुर्वेदी ने भी आवेदको के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 90 आवेदकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए। जनसुनवाई के दौरान तत्काल निराकरण हो सकने वाली शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया जाकर शेष शिकायतों को विभागीय अधिकारियों की ओर निर्धारित समय-सीमा में आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



जनसुनवाई में ग्राम पंचायत इमलिया निवासी भोलाराम, गोरेलाल एवं अन्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तु कर ग्राम पंचायत इमलिया के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रभारियों द्वारा की जा रही अनियमितताओं संबंधी जानकारी प्रदान किये जाने पर जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत द्वारा सुनवाई करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम रैपुरा तहसील बहोरीबंद निवासी रामकिशन पटेल द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसके द्वारा ग्राम रैपुरा के ट्रांसफार्मर से स्थाई विद्युत कनेक्शन लिया गया है। किंतु वर्तमान में उक्त ट्रांसफार्मर को रतनपुर में शिफ्ट किये जाने से विद्युत कनेक्शन हेतु सर्विस लाईन की समस्या का सामना कर पड रहा है तथा फसल भी नष्ट हो रही है। सीईओ श्री गेमावत द्वारा आवेदन पर सुनवाई करते हुए उर्जा विभाग के सब इंजीनियर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम चाका निवासी सुमन बर्मन पति श्री राकेश बर्मन के गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम काटने के कारण लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ न मिलने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर आवेदन का परीक्षण कर शिकायत का निराकरण कराने के निर्देश तहसीलदार चाका को दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी संगीता सौंधिया द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने, तहसील बड़वारा निवासी राजकुमारी चौधरी द्वारा स्वामित्व योजना के तहत शासकीय भूमि का पट्टा दिलानें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन पर समय-सीमा में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## जैविक खेती के सिद्धांत एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ सुधीर खरे के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को जैविक खेती के मूलभूत सिद्धांतों के अंतर्गत स्वस्थता पर्यावरणीय, समता एवं परिचर्या के सिद्धांतों का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जैविक खेती मिट्टी पौधों, पशुओ, मानव तथा भूमि के स्वास्थ्य को टिकाऊ, रोगों के मुक्ति के साथ-साथ फसल उत्पादन खाद्य प्रसंस्करण तथा उच्च गुणवत्ता के स्वस्थ भोजन को सुनिश्चित करता है। जैविक खेती प्रबंधन के अंतर्गत फसल चक्र पशुधन समन्वय बहु फसली कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य के स्त्रोतों को बनाए रखता है।

इसके अंतर्गत मृदा समृद्ध शीलता मृदा एवं जल को सुरक्षित रखना तापक्रम प्रबंधन सूर्य ऊर्जा का उपयोग आदानों में आत्मनिर्भरता प्राकृतिक चक्र तथा जीव स्वरूपों की रक्षा पशुधन समन्वय प्राकृतिक ऊर्जा उपयोग आदि का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर संक्षेप



### कर वसूली शिविर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**कटनी।** नगर पालिक निगम द्वारा संपत्ति कर एवं जलकर वसूली के लिये शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने विश्राम बाबा वार्ड स्थित पटेल मार्केट एवं सीएलपी वार्ड स्थित रंगमंच के पास आयोजित शिविर स्थल का औंचक निरीक्षण किया। आयुक्त श्री शुक्ल ने शिविर में अधिकारियों को वसूली कार्य में प्रगति लाने, घर-घर जाकर संपर्क करने सहित शिविर को सार्थक बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### शिकायतों के निराकरण में नगर निगम प्रदेश में 8वें स्थान पर

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी में आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के सख्त निर्देशों के फलस्वरूप सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में समूचे मध्यप्रदेश में कटनी निगम को आंठवा स्थान मिला है। सीएम हेल्पलाइन की विभाग द्वारा जारी ग्रेडिंग में नगरपालिक निगम कटनी को 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त हुये है। 468 कुल शिकायत में अधिकांशतःशिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सभी अधिकारियों के अथक परिश्रम और कर्त्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने पर सराहना की है।

### 5 माह से अतिथि शिक्षकों को नहीं मिला वेतन

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत शासकीय स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को पिछले 5 माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे अतिथि शिक्षक बेहद आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे है। ऐसी स्थिति के बीच अतिथि शिक्षक लगातार कर्ज के बोझ में दब रहे हैं। अतिथि शिक्षकों ने बताया कि इस संबंध में कई दफा बीईओ कार्यालय ढीमरखेड़ा को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अब तक वेतन भुगतान नहीं हो सका। जिससे अतिथि शिक्षक बेहद परेशान है। वेतन नहीं मिलने से परेशान अतिथि शिक्षक मंगलवार को जब एक बार फिर बीईओ कार्यालय ढीमरखेडा जानकारी लेने पहुँचे तो यहाँ पदस्थ लेखापाल ने ठीक से बात तक नही की। उन्हें कार्यालय से भगा दिया। जिसके बाद अतिथि शिक्षकों ने ढीमरखेड़ा एसडीएम कार्यालय पहुँचकर एसडीएम विंकी सिंहमारे को लेखापाल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। जिस पर एसडीएम ने कार्रवाई का भरोसा दिया। जानकारी अनुसार ढीमरखेड़ा ब्लाक को छोड़कर सभी विकासखंडो में अतिथि शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जा चुका है। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि जल्द वेतन का भुगतान नहीं होता तो वे हडताल पर चले जाएँगे।

### जूनियर्स ने सीनियर्स को दी भावभीनी विदाई

**उमरियापान।** उमरियापान स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं बारहवीं के छात्र-छात्राओं का अभिनंदन कर उन्हें उपहार भेंट करके विदाई दी। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरपी पटेल ने कहा कि विदाई का पल दुखदायी होता है, लेकिन समय रूपी चक्र में यह आवश्यक कड़ी है यहां से हमें आगे बढ़ने का मार्ग मिलता है। उन्होने कहा कि लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन भी दिया। समारोह में विद्यालय समिति सदस्य रमन शुक्ला, चंद्रेश चौरसिया सहित आचार्य सुशील दीक्षित, श्याम किशोर दाहिया, रमेश यादव, शंकरलाल विश्वकर्मा, राजकुमार सोनी, राजेश मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, आशीष दुबे, सोमचंद नामदेव, अंकित दुबे, शिखा दुबे, बसंत गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### उपयोग में सहज लेकिन पर्यावरण व मवेशियों के बेहद हानिकारक

# अमानक पालीथिन पर प्रतिबंध के आदेश का नहीं कोई असर, बेधड़क हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अमानक पालीथिन पर पाबंदी के बावजूद जिले भर में बेरोकटोक चलन जारी है। बीच-बीच प्रतिबंधित होने की कार्यवाही कर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है। आलम यह है कि पालीथिन का उपयोग अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहा है। कार्यवाही नहीं किये जाने से अमानक पालीथिन का उपयोग बंद नहीं हो पा रहा है। प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाता है लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हो रहा है। अमानक पालीथिन के स्थान पर बड़े पैमाने पर कागज या कपड़े के बैग उपयोग करने की अपील का भी असर न के बराबर है। आलम यह है कि अब पालीथिन का अधिक उपयोग हो रहा है। प्रशासनिक ढिलाई के साथ ही अमानक पालीथिन एक बार फिर चलन में जोरो पर है।

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। पूर्व में जब अमानक पालीथिन



पर रोक लगाने सरकारी आदेश जारी किये गए थे तब प्रशासन की ओर से सख्ती बरती गई तब तक तो बाजार से अमानक पालीथिन गायब रही लेकिन जैसे ही ढील शुरू हुई वैसे ही एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है।

#### होते हैं विषैले तत्व

मवेशियों के लिये पॉलीथिन जहर की तरह घातक साबित हो रही है। यह प्लास्टिक जितने जानवरों के लिये घातक साबित हो रहे है उतने ही मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये भी हानिकारक है। मिटटी में जाकर जहां यह पौधो की वृद्वि में बाधा बन जाती है। जानकारों के अनुसार पालीथिन एक पेट्रो केमिकल उत्पाद है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है। जिसमें टाक्सिक एलीमेंट का प्रयोग किया जाता है जो कि सभी के लिये हानिकारक माना जाता है। जानकारो के मुताबिक प्लाटिक के थैलों के निर्माण में कैडमियम व जस्ता जैसी विषैली धातुओं का उपयोग होता है।

यह धातु खतरनाक मानी जाती है जो जानवरों के पेट में जाकर उनकी मेटाबालिज्म प्रक्रिया को प्रभावित कर देती है। इससे पेट फूलने के साथ ही जानवर की भी मौत हो जाती है। यह विषैला तत्व खाद्य पदार्थो को विषैला बना देता है। कैडमियम के कारण उल्टियां आने लगती है।

जिले भर में मवेशियों की संख्या लाखों में है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में मवेशियों को चरने के लिये छोड़ा जाता है गाय, बैल, सड़क किनारे सब्जी मंडी, दुकानों के आसपास व अन्य जगहो पर पड़ी पालीथिन को खा लेने से असमय ही मौत को दावत देते है।

इस बारे में वेटनरी डाक्टरो का कहना है कि पालीथिन जानवरो के लिये बेहद घातक है। इसको खाने से जानवरों की मौत तक हो जाती है। कई बार ऐसे केस आते है जब गाय, बकरी के पेट से बड़ी मात्रा में पालीथिन पाई गई। आदमी खुद पालीथिन का प्रयोग करके गौमाता को बेमौत मार रहे है। कई बार हमने ऐसी गायों का आपरेशन करवाकर जान बचाई।

बीच-बीच में अमानक पालीथिन विक्रय के खिलाफ अभियान तो चलाया जाता है लेकिन सतत रूप से कार्यवाही नहीं की जा रही। उपयोग को लेकर लोगो को सावधान करने चलाया जा रहा जागरूकता अभियान भी ठंडा पड़ चुका है। पहले कार्यवाही के डर से दुकानदार भी ऐसी पालीथिन को उपयोग में लाना तो दूर दुकान में रखते तक नही थे लेकिन अब सब कुछ ठंडे बस्ते में होने की वजह से एक बार फिर वही पुराने दिन लौट आये है। इस पर कार्यवाही न होने से अमानक पालीथिन का तेजी से चलन बढ़ता जा रहा है।



## थानों का निरीक्षण कर बेहतर कानून व्यवस्था बनाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज ने तुषारकांत विधार्थी कटनी पहुंचकर थाना स्लीमनाबाद, कोतवाली एवं थाना माधवनगर का औचक निरीक्षण किया। थाना स्लीमनाबाद निरीक्षण के दौरान अखिलेश गौर एस.डी.ओ.पी. स्लीमनाबाद, थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया एवं थाना का स्टाफ उपस्थित रहा। इसी प्रकार थाना कोतवाली एवम थाना माधवनगर के निरीक्षण दौरान अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी, मनोज केडिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी, श्रीमती ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी, निरीक्षक आशीष शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक मनोज गुप्ता थाना प्रभारी माधवनगर, रक्षित निरीक्षक कटनी संध्या ठाकुर, निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी कुठला, उप निरीक्षक नीरज दुबे थाना प्रभारी एनकेजे, उप निरीक्षक नवीन नामदेव थाना प्रभारी रंगनाथनगर एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने थाना भवन, आवास भवन एवं थाने के अपराध रजिस्टर , व्ही सी एन बी, एम एल सी रजिस्टर, शिकायत आदि का निरीक्षण किया। एवं पुलिस स्टाफ से परेशानियो के सबंध मे पूछा। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था एवं रिकार्ड संधारण के सबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

### भाजपा ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

## तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा, त्याग और समर्पण के यह शब्द हमेशा रहेंगे प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा आजादी के लिए लड़ते भारतवासी के लिए यह एक वाक्य नहीं बल्कि त्याग और समर्पण की वह भावना थी जिसने देश के युवाओं तथा प्रत्येक नागरिक के मन मे नई ऊर्जा का संचार किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने सुभाष चौक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते व्यक्त किये।

कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री गोपाल सेवा संस्थान के संरक्षक सुनील उपाध्याय ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस के पूरे जीवन के हर पहलू से हमें शिक्षा प्राप्त होती है। एक व्यक्ति के द्वारा पूरी फ़ौज तैयार करना साथ ही आजादी के आंदोलन में हर शख्स की सहभागिता हमें देश



के प्रति जो समर्पण का भाव सिखाती है वह हर वर्ग के लिए प्रासंगिक है। देखा जाए तो भारत वर्ष की आजादी में नेताजी का ही सर्वश्रेष्ठ और प्रमुख योगदान था। आज हम सब उनकी जयंती पर उन्हें नमन करते हुए गौरवांवित हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि नेताजी ने बिना किसी डर दबाव के जिस तरह आजाद हिंद फौज की स्थापना की उससे अंग्रेजों के पैर उखड़ गए। नेता सुभाषचन्द्र जी की नीति से ही हम सब आज आजाद भारत के नागरिक हैं।

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने कहा कि हम सभी की देशभक्ति तब तक पूर्ण नहीं जब तक उसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे व्यक्तित्व की चर्चा न हो तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा यह नारा आज भी हम सबको देश की आजादी के संघर्ष का बोध कराता है।

सम्बोधन के उपरांत नेताजी सुभाषचन्द्र जी के चित्र समक्ष सभी उपस्थित जनों एवं आम जन ने दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, अलका जैन, कार्यक्रम संयोजक महामंत्री सुनील उपाध्याय, वरिष्ठ नेता संतोष जायसवाल, चेतन हिंदुजा, अंकिता तिवारी, डॉ अशोक चौदहा, अम्बरीष शर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, राजा चौरसिया, विजय गुप्ता, गोविंद सिंह, लव साहू, संकल्प तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, ऋचा गेलानी आदि की उपस्थिति रही।

## 30 लाख से बनने वाली रोड का भूमिपूजन



नगर पालिक निगम अंतर्गत कावसजी वार्ड में 30 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण होगा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव ने निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद संजू जीवन चौधरी की मौजूदगी में कावसजी वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के दौरान एमआईसी मेंबर सुभाष साहू डाक्टर रमेश सोनी शशिकांत तिवारी पार्षद शकुंतला सोनी सुमित्रा रावत उपयंत्री संजय मिश्रा राजू शर्मा राजू जैन जीवन चौधरी मालती चौधरी कल्याणी सेन अनमोल चौधरी बूटाबाई वंशकार मुन्नी चौधरी रेखा तिवारी प्रेमलाल वंशकार सोनेलाल एवं नारायण वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति रही।

## श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में रामकीर्तन एवं महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय शिक्षक संगठन कटनी के पदाधिकारियों द्वारा अयोध्या में श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में जनपद शिक्षा केंद्र कटनी (गांधी स्कूल प्रांगण) में श्रीराम कीर्तन एवं महा आरती* का आयोजन किया गया।

संगठन के जिला संयोजक देवेंद्र तिवारी ने जानकारी दी कि, कटनी BRC मनोज गौतम, रीठी BRC राकेश सिन्नरकर, शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे की उपस्थिति में कलश स्थापना एवं श्रीराम कीर्तन का शुभारंभ हुआ और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की महाआरती में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन, महापौर श्रीमती प्रीती सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,



कटनी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, भाजपा महामंत्री सुनील उपाध्याय, पार्षद रम्मू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर भगवान के दरबार में हाजिरी दी।

उक्त गरिमामयी आध्यात्मिक आयोजन में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी,मनीष सिंह गौतम, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अनीता यादव एवं शासकीय शिक्षक संगठन जिला कटनी के वरिष्ठ पदाधिकारी शिवनाथ रजक, शैलेंद्र खम्परिया, मनीष सोनी, शिवकुमार पांडे, अरुण पटेल, अरुण सिंह परिहार, माधुरी तिवारी मौजूद रहीं।

### हाथीपाव से बचाव के लिए जिले में दवा का होगा वितरण

## फाइलेरिया मुक्त कटनी के लिए 10 से 23 फरवरी तक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा गृह में प्रेस वार्ता का आयोजन कर फायलेरिया उन्मूलन कार्यकम एम.डी.ए/ आई.डी.ए की जानकरी प्रदान की गई। जिसमे प्रमुख वक्ता राज्य स्तरीय सालहकार (स्टेट कंस्टेसन ) भोपाल के पवन मेहरा एवं जिला मलेरिया अधिकारी शालिनी नामदेव एवं मुख्य जिला एवं स्वास्थ अधिकारी राजेश आठिया की उपस्थिति रही।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश अठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जन जन का है एक ही नारा, फाइलेरिया (हाथीपॉव) मुक्त हो कटनी हमारा कार्यक्रम का आयोजन 10 से 23



फ़रवरी तक आयोजित किया जाना है। वही राज्य स्तरीय सालहकार (स्टेट कंस्टेसन ) भोपाल के पवन मेहरा एवं जिला मलेरिया अधिकारी शालिनी नामदेव ने जानकारी में बताया कि इस वर्ष तीन औषधि पद्धति अपनाकर फाइलेरिया का उन्मूलन कराना शासन का उद्देश्य है। जिसमें डी.ई.सी, एलबेन्डाजोल व आयवरमेक्टिन की गोली का सेवन घर-घर जाकर दवा सेवक अपने समक्ष करायेगे। 10 से 13 फरवरी 2024 को बूथ लेवल पर सभी शासकीय व अशासकीय शालाओ, कालेज व कार्यालयों में दवा का सेवन कराया जावेगा। 14 फरवरी से 19 फरवरी 2024 तक दवा सेवक घर-घर जाकर दवा का सेवन करायेगे। 20 से 23 फरवरी मॉपअप दिवस में छूटे हुये लोगो को दवा का सेवन कराया जावेगा। यह दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चो, गर्भवती महिला व अति गंभीर रोगियों को दवाई का सेवन नही कराना है। फाइलेरिया से बचाव का एक मात्र सरल उपाय दवा सेवक आशा, आंगनबाडी, कार्यकर्ता व सहायिका, स्वयं सेवी के सामने डी.ई.सी., एल्बेन्डाजोल व आयवरमेक्टिन की गोली का सेवन उम्र के अनुसार कर हाथीपॉव मुक्त कटनी बनाने में सहयोग करे।

शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष एम.डी.ए. 2024 कार्यकम कटनी शहर को छोडकर समस्त विकासखण्डो में किया जावेगा। जिसमें लक्षित जनसंख्या 1237096 है। एम.डी.ए कार्यकम में 4122 दवा सेवक व 410 सुपरवाईजर कार्य करेगे।

### प्रसाद वितरण तो कहीं भजनों का आनंद लेते दिखाई दिए जनप्रतिनिधि

## महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोध्या में स्थित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के मंदिर में उनके बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने पर समूचे नगर में उत्सव का माहौल निर्मित रहा। शहर के प्रत्येक मंदिरों में विशेष पूजा पाठ के अलावा दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहर के प्रमुख मंदिरों में आयोजित भव्य समारोहों एवं दीपोत्सव के कार्यक्रमों में महापौर प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भी श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया।

#### भजन संध्या में लिया हिस्सा

भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर जगन्नाथ चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड के साथ शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने अपने साथियों सहित जगन्नाथ मंदिर में चल रहे विविध धार्मिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जगन्नाथ मंदिर में शाम के समय दीप उत्सव



भी मनाया गया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में पहुंची महापौर प्रीति संजीव सूरी ने न केवल भगवान का प्रसाद ग्रहण किया बल्कि वहां मौजूद धर्म प्रेमियों को प्रसाद वितरित करने में भी जुटी रहीं।

#### जनपद शिक्षा केंद्र में मानस पाठ

कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र कटनी श्री गांधी परिसर जगन्नाथ चौक में गत दिवस मानस पाठ एवं भगवान श्री राम की महा आरती का आयोजन किया गया। मानस पाठ कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

#### राम मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री स्थित श्री राम मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची महापौर, निगम अध्यक्ष ने भगवान का आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

#### लखेरा में हुआ सुंदर कांड

विवेकानंद वार्ड लखेरा स्थित खेर माता मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारा आयोजित हुआ। लखेरा खेर माता मंदिर में महापौर प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने सुंदरकांड का आनंद उठाते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

मंगल नगर स्थित राधारमण मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भव्य कार्यक्रम में पहुंचकर महापौर प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने भगवान का आशीर्वाद लेते हुए संगीत मय संध्या का आनंद उठाया एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मोके पर एमआईसी सदस्य डाक्टर रमेश सोनी शिब्बू साहू शशिकांत तिवारी सुरेन्द्र गुप्ता संजू जीवन चौधरी शकुंतला सोनी सचिन बहरे लव साहू मौजूद रहे।

## बस स्टैण्ड आडीटोरियम में होगा भारत पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्वश का आयोजन इस वर्ष श्आजादी का अमृत महोत्सवश अंतर्गत आगामी 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा 26 जनवरी सायं 6 बजे नगर पालिक निगम के आडीटोरियम भवन बस स्टैण्ड के पास कटनी में भारत पर्व अन्तर्गत जिला स्तर के कार्यक्रम आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।

सम्पूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को नियुक्त किया जाकर कार्यक्रम स्थल पर लाइटए माईकए टेंटए बैनर एवं अन्य सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौपा गया है। मंच व्यवस्था का दायित्व तहसीलदार शहर कटनी एवं उपायुक्त नगर निगम कटनी को सौपा जाकर सभी अतिथियों के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करानेए मंच में आसीन होने वाले अतिथियों की सूची तैयार करानें तथा मुख्य अतिथिए विशिष्ट अतिथिए कलेक्टर आदि के नाम स्टीकर लगाने व मंच पर अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करानें के निर्देश दिए गए है।

भारत पर्व के अवसर पर मंच संचालन हेतु राजेन्द्र असाटी व्याख्याता डाईटए डॉ पारस जैन संस्था प्रमुख सिलकोबाईट केण्डीण्सी कॉलेज कटनी एवं श्रीमती सीमा जैन शिक्षिका जैन स्कूलए यातायात एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था हेतु नगर पुलिस अधीक्षक कटनी एवं यातायात प्रभारी कटनी सहित पुरस्कार वितरण व्यवस्था का दायित्व श्रीमती पूजा द्विवेदी को सौपा गया है।


तेंदूखेड़ा


हिण्डोरिया

# घर घर में सजाई रंगोली, रात्रि में दीप प्रज्वलित कर मनाया उत्सव





## राम मय हुआ संपूर्ण क्षेत्र, भंडारे, दीपों और आतिशबाजी की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

सजा दो घर को गुलशन सा घर-घर राम आए हैं, मेरे सरकार आए हैं। कस्बा के साथ ही आज पूरा क्षेत्र राम के रंग में नजर आया। मंदिरों में साज सज्जा के साथ-साथ सुंदरकांड, रामधुन, हनुमान चालीसा, भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पूरे दिन राम भक्त भक्ति में लीन रहे वहीं शाम होते ही घरों और मंदिरों में दीपक जलाकर आतिशबाजी की गई। दीपावली से भी अधिक धूम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में रही। सुबह के समय ग्राम में रामलला की झांकी विशाल जन समूह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। युवाओं की टीम राम जी के जयकारे लगाते हुए डीजे पर नृत्य कर रहे थे, रामधुन मंडली भी शोभायात्रा में चल रही थी। घर-घर मंगल कलश जलाकर रंगोली सजाकर भगवान रामलला की पूजा अर्चना की गई। श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश सरकार के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का प्रसाद पाने सभी राम भक्त लालायित नजर आए। कई हजारों की संख्या में राम भक्त महिला पुरुषों ने भंडारे में सब्जी पूरी खीर ग्रहण कर अपने आप को सौभाग्यशाली समझ भंडारे में रनेह एवं क्षेत्र के धर्म प्रेमियों ने धर्मलाभ अर्जित किया।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद जश्न, लडडूओ का प्रसाद बांटा

**तेंदूखेड़ा।** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सम्पूर्ण नगर राममय हो गया था। जगह जगह पटाखे फोडे गए। साथ ही अनेक स्थानो पर भगवान राम के चित्र लगाकर राम भक्तो ने लडडूओ, खीर, पुलाव सहित अनेक प्रकार के प्रसाद वितरण किए गए। इसके पहले सम्पूर्ण नगर को भगवा झंडो से सजाया गया था। साथ ही सुबह ने नगर के सभी मंदिरो में पूजा पाठ हवन, राम कीर्तन, सुंदरकांड प्रारंभ हो गए थे। सभी मंदिरो में महाआरती की गई इसके अलावा मंदिरो को भव्य सजाया गया था। साथ ही सेकड़ो दीप प्रवज्वलित किए गए थे। नगर में जगह जगह रंगोली सजाई गई थी। जिसमें बड़ी खेर मंदिर के घाट पर रंगोली से राम मंदिर बनाया गया साथ ही मंदिर सहित गुरैया नदी के घाटो पर दीप जलाए गए। महाआरती के साथ प्रसाद वितरण भंडारा किया एवं आतिषवाजी की गई। इसके पहले बड़ी ही खेरमाई मंदिर एवं घाटो को भव्यता से सजाया गया था। ऐसे ही मडियां घाट हनुमान मंदिर से मंडली के द्वारा सीता राम की धुन निकालकर सम्पूर्ण नगर में फैरी निकाली गई। इसके अलावा युवाओ के द्वारा वाईक रैली निकालकर जय श्री राम के नारे लगाए गए। साथ ही नगर के चैत्यालय मंदिर जी में भी भगवान राम के भजन गाए गए। इस अवसर पर वन विभाग तेंदूखेड़ा की ओर से बड़ी खेरमाई मंदिर के घाट पर सिंदूर का पौधे का रोपण किया गया। साथ ही ब्लाक के ग्रामो में भी सुबह से सीताराम धुन की प्रभात फैरी निकाली गई।

## धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव



**हिंडोरिया।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव पर नगर को झालरों एवं फूलों से सजाकर तैयार किया । साथ ही देर रात तक आतिशबाजी भी रामभक्तों व्दारा की गई। नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य बाजार क्षेत्र में श्री राम मंदिर की आकृति रंगोली से सजाकर में सरयू नदी के साथ बनाई गई। शाम 05 बजे से रामायण पाठ एवं रात्रि में संस्कृति धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। भगवान श्री राम की सुंदर झांकी सजाई गई। यहीं पर नगर सेवा समिति के सदस्यों एवं किशोरी शक्ति दल की सदस्यों ने एक से बढ़कर एक रंगोली सजाई। तत्पश्चात 1001 दीपक प्रज्वलित किए गये। लोगों ने जय श्री राम जय श्री राम के जय घोष के नारे लगाएं। इसके बाद लोगों द्वारा नगर मे भारी आतिशबाजी की गई । इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, सीएमओ मोहनलाल साहू ,सुधांशु चौबे देव सिंह, प्रेम नारायण प्यासी, राजेश वर्मा ,दिलीप रावत, अलकेश नामदेव, बसंत सिंह ठाकुर सहित नगर सेवा समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तेजगढ़ अंचल में हुये विविध आयोजन



**तेजगढ़।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ व आसपास के ग्राम वासियों ने श्री भगवान राम लाल का अनेकों वर्षों बाद अयोध्या में मंदिर बनने पर एवं श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना होने की खुशी में पूजन अर्चन व विविध आयोजन किये। क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन गाकर मंदिरों में जाकर श्री भगवान के दर्शन कर हर्ष मनाया। ग्राम पतलोनी के दो मंदिरों में अलग-अलग 24 घंटे अखंड रामायण के पाठ किया एक मंदिर में रामायण व दूसरे मंदिर में सीताराम की भक्ति गूंजती रही। ग्राम हर्रई के भक्त जनों ने पहले सुंदरकांड किया। उसके बाद भगवान श्री राम की सुंदर झांकियां सजाकर कीर्तन भजन मंडली के साथ ग्राम में प्रभात फेरी निकाली तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण देखा। समदई और अनेकों ग्रामों के भक्त जनों ने भगवान श्री राम जी की प्रभात फेरी समदई से लगभग 3 किलोमीटर दूर भजन कीर्तन गाकर तेजगढ़ पहुंचे जहां तेजगढ़ के भी श्रद्धालु सम्मिलित होकर धूमधाम के साथ ग्राम की मुख्य मार्गो से होते हुए श्री गणेश मंदिर पहुंचे जहां पर श्रद्धालुओं ने भंडारा कर प्रसाद पाया हर्ष व्यक्त किया। तेजगढ़ बस स्टैंड पर शंकर जी के चबूतरा के पास भक्तों ने भी प्रसाद वितरण किया। शाम को क्षेत्र के गांव गांव- घर-घर दीप जलाकर पटाके फोड़ कर दिवाली की तरह उत्सव मनाया। और जय श्री राम जय श्री राम जी के नारे लगाकर कार्यक्रमों का समापन किया गया।

## मां चंडी जी मंदिर प्रांगण में रोपा रुद्राक्ष का पौधा



**हटा।** अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मंगल अवसर पर समूचे देश के साथ उपकाशी के भक्तों द्वारा भी विभिन्न धार्मिक आयोजन कर प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी बने इसी श्रंखला के साथ मां चंडी जी मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य कर्मी बुद्दन लाल तंतुवाय द्वारा भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय फल रुद्राक्ष का पौधा लगाकर श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। पौध रोपण के पूर्व मंदिर की पुजारी पंडित नीरज गोस्वामी हुआ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विनय दवे पंडित सुंदर दुबे द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर पौधारोपण किया गया। इस दौरान बीएल तंतुवाय ने कहा कि रुद्राक्ष भगवान शंकर को बहुत प्रिय है। रुद्राक्ष दो शब्दों रूद्र व अक्ष यानी भगवान शंकर की आंख से गिरी जल बिंदु से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई है। शिव पुराण के अनुसार संसार की कल्याण कामना के लिए भगवान शिव ने तपस्या की उस समय उन्हें भय लगा और उन्होंने अनायास ही नेत्र खोली तभी एक बूंद अश्रु की गिरी तथा इसी बीज रूपी अश्रु से रुद्राक्ष का पेड़ लगा। लोक कल्याण की भावना से भगवान शंकर की अश्रु से उत्पन्न यह परम श्रेष्ठ फल उनको बहुत प्रिय है।

## बांदकपुर में दीपोत्सव, 11 हजार दीप जलाकर मनाया दीपोत्सव



**बांदकपुर।** अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संपूर्ण देश और प्रदेश में अनेक धार्मिक आयोजन और अनुष्ठान आयोजित किए गए इसी क्रम में बुंदेलखंड के अति प्राचीन और प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देवभूमि श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में भी शिव और राम भक्तों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर इस अवसर को ऐतिहासिक को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह संकल्प दोहराया कि बांदकपुर में भी भव्य और दिव्य कॉरिडोर बने इस संकल्प को लेकर शिवभक्तों ने मंदिर में 11000 गयरह हजार दीप प्रज्जलित किये साथ ही राम ,लक्ष्मण ,जानकी और हनुमान जी के रूप धारण किए बालक बालिका का विधिवत पूजन अर्चन किया प्रभु श्री राम जी भगवान भोले नाथ से शीघ्र बांदकपुर धाम का कार्य पूर्ण हो ऐसी प्रथना की गई इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डॉ . रामकृष्ण कुसमरिया दमोह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू कमल ठाकुर, मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक, श्री आयोजन समिति से शिवभक्त रामशंकर गौतम, यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल,महेद्र तिवारी, तुलसीराम तिवारी, पीयूष त्तिवारी ,विजय चोबे,गुड्डा रैकवार ,कौशल तिवारी,नितिन राजपूत,रामसेवक लोधी,गणेश यादव,अभिषेक गोलू चोबे,इंद्रपाल परिहार,आदर्श दुबे सहित अजय पांडे रहे। बांदकपुर के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर ,शासकीय हाई स्कूल श्री जागेश्वर नाथ विद्यालय के छात्र छात्रों ने आचर्य जनों ने दीपउत्सव कार्यक्रम में सहयोग किया अनेक जनों की उपस्थिति रही साथ ही कार्यक्रम के दौरान कार सेवक डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया का शाल श्रीफल से स्वागत और सम्मान भी किया गया।

## प्रशिक्षण में शिक्षण की नई तकनीक सीख रहे शिक्षक



**दमोह।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित प्रावधानों से अवगत कराने के लिए एवं वर्तमान में हो रहे बदलावों के प्रति अपने व्यवसायिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र बटियागढ़ के माध्यमिक शाला में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन सावित्री बाई फुले महविद्यालय में संचालित हो रहे प्रशिक्षण में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा के प्रशिक्षण प्रभारी ए.के. सिंह ने शिक्षको को प्रशिक्षण की आवश्यकता के कारणों को विस्तार से बताया। शिक्षकों को कक्षा की रोचक शुरुआत करने के लिए हुक तकनीक के उपयोग को प्रायोगिक रूप से प्रदर्शित किया गया। साथ ही कक्षा में प्रश्नों के महत्व, विद्यार्थियों की सक्रियता, सकारात्मक भाषा के प्रभाव पर चर्चा, कक्षा में औपचारिक चर्चा के प्रकारों के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया। राज्य से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, विमल पटेल, दिनेश नेमा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की सक्रिय व्यवस्थाओं में बी.आर.सी.सी. उमेश पाठक, बी.ए.सी. शरीफ खान, जी.पी. अहिरवार, सी.ए.सी. विजय पटेल, बखत सिंह, मंगल बैन एवं रामकिसुन कुर्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सगरा में गरीबों के बीच किया कंबल वितरण




**बनवार।** जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत सगरा में असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के अनुज सत्येंद्र सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी अरविंद सिंह, सरपंच जिनेश कुमार जैन, मंडल अध्यक्ष शीतल राय,, भाजपा आईटीआई सेल की जिला संयोजक अमन जैन, शेरा जैन, अमजद खान, राजेंद्र महाराज के हाथों कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहने वाले ग्राम के युवाओं ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते मदद पहुंचाई जा रही है। जो कि काफी सराहनीय कार्य है। सतेंद्र सिंह ने कहा कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। इस अवसर पर सौ से अधिक गरीब असर विकलांग जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया।

## राजस्व महाअभियान में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। दमोह जिला की प्रगति अपेक्षानुसार न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा सर्वसबंधित अधिकारी दिये गये निर्देशानुसार कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा राजस्व महाअभियान हेतु अनु विभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग वार नोडल अधिकारी बनाया गया हैं, जो समय सारणी अनुसार समस्त पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों से समय सीमा में कार्यवाही करवाएगे एवं की गयी कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन अनुसार गूगल शीट में दर्ज करवाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त महा-अभियान की समीक्षा आगामी आयोजित टीएल बैठक (समय सीमा ) में की जाएगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया राजस्व महाअभियान राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एक महा-अभियान का आयोजन 29 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। महा-अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों (RCMS) में लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बँटवारा, सीमाकंन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि) का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को RCMS पर दर्ज कराना, नक़्शे पर तरमीम, PMKISAAN का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से e-KYC और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। उक्त महा-अभियान में विभिन्न गतिविधियाँ सम्पादित की जायेगी। इनमें राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र Ekyc –तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, RCMS पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करना, RCMS पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना, उत्तराधिकार नामांतरण, सीमांकन, नक्शे मे तरमीम गतिविधियां की जायेगी।

## माय एसबीआई कार्यशाला संपन्न



**दमोह।** जिले के पथरिया विकासखंड में महिला सम्मेलन कौशल विकास एवं माय एसबीआई की कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर शैलेंद्र चौहान आजिविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक अंकुर सोनी, सहायक प्रबंधक जीतवीर सिंह, सरोज सिंह परियोजना प्रबंधक एवं स्वावलंबी भारत अभियान की ओर से जिला सह समन्वयक गीता पटेल के मुख्य अतिथ्य में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला सम्मेलन में जिला समन्वयक मनोहर भाई साहब ने शासन की विभिन्न योजनाओं, स्वावलंबन स्वरोजगार में विकेंद्रीकरण उद्यमिता एवं सहकारिता के संबंध में बताया कि वास्तव में इनके लिए भारत जैसे विशाल देश में एक महा जन जागरण ही समाधान है, क्योंकि समाज की जागृति का स्तर ही सरकार की नीतियों का निर्णायक तत्व होता है, वहीं निजी पूंजी निवेश, रोजगार सृजन नीति निर्माण, सामाजिक आर्थिक संगठनों की भागीदारी के मार्ग भी खोलता है, यह जन जागरण शिक्षा कौशल विकास व उद्यमिता को भी पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, समाज में एक व्यापक जन जागरण हो इस दृष्टि से आर्थिक संगठनों ने मिलकर जो पहल की है, उसी का नाम है स्वावलंबी भारत अभियान इसी अवसर पर पर चर्चा करते हुए उपस्थित मात शक्तियों को मायएसबीआई के पंजीकरण भी करवाये।

## जैन समाज ने मिष्ठान वितरण कर मनाई खुशियां



**पटेरा।** सोमवार को अयोध्या जी में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पटेरा मे मनाई गई खुशियों में जैन समाज भी पीछे नहीं रही। संकट मोचन मंदिर के बाहर बस स्टैंड के समीप जैन पंचायत पटेरा ने मिष्ठान वितरित किया। जैन पंचायत अध्यक्ष अशोक बड़कुल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में जैन मिलन भी सक्रियता से जुटी रही। जैन मिलन अध्यक्ष नरेंद्र बजाज के साथ मिलन के पदाधिकारी सक्रियता से प्रसाद वितरण करते रहे। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद पाकर सराहा। मिष्ठान के साथ कई पदाधिकारियों ने टॉफियां भी बांटी। इस अवसर पर अशोक बड़कुल, अशोक सराफ, नरेंद्र बजाज, महेश जैन, राजेंद्र बजाज, राजेंद्र राही, पं. विनय जैन, प्रमोद बड़कुल, नीलेश सराफ, पंकज जैन, निर्मल जैन, जितेंद्र बड़कुल, प्रशांत जैन, राजेंद्र जैन, राजेश सेठ, बंटी मासाब, अखिल सिंघई चिंटू, अब्बे जैन सहित सभी सदस्यगण व युवा टोली शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### माधव पटेल की पुस्तक प्रकाशित

हटा। जिले के प्रमुख साहित्यकारों में से एक, लेखक,विभिन्न साहित्यिक मंचो से सम्मानित, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत माध्यमिक शाला लिधौरा के युवा शिक्षक माधव पटेल की वर्तमान शिक्षण प्रक्रिया में आ रहे विभिन्न अवरोधों को दूर करने की दृष्टि से एवं एक शिक्षक की प्रभावशीलता बनाए रखने में कौन-कौन सी बातें महत्वपूर्ण हो सकती हैं,किन तथ्यों का ध्यान में रखकर विद्यार्थियों में लर्निंग आउटकम विकसित किये जा सकते हैं पर आधारित ¤शिक्षण अधिगम सामग्री ¤ विषय पर नौवी पुस्तक प्रकाशित हुई। इसमें कक्षा को रोचक,उपलब्धि परक और गतिशील बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री की उपयोगिता को उजागर किया गया है।शिक्षण अधिगम सामग्री बनाने में स्थानीय परिवेश और विद्यार्थियों की सहभागिता की भूमिका सहित किन महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देने आवश्यकता है को विस्तार से उल्लेखित किया गया है। विभिन्न विषयों के लिए कौन कौन सी शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए पर सुझावात्मक विचार रखे गए है। पुस्तक आईएसबीएन नंबर और कापी राइट दिल्ली प्रकाशन से प्रकाशित हुई है। पुस्तक प्रकाशन पर शिक्षा से जुड़े सभी लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह मनाया गया

**दमोह** । महिला बाल विकास दमोह एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अंतर्गत खेलकूद गतिविधि के द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय परिषद में खो - खो खेल संपन्न करवाया एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई।

## जर्जर पुलों की मरम्मत कराने ग्रामीण लगातार कर रहे हैं मांग

# पांच वर्षों से जर्जर पुल, कई हादसों के बाद भी शासन प्रशासन उदासीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

तेंदूखेडा ब्लॉक में कई ऐसे पुल है जो जर्जर हो गए है। वर्षों से 'जर्जर इन पुलों की मरम्मत पर प्रशासन का ध्यान नहीं होने से अब वह हादसों का सबब बनते जा रहे हैं। ऐसा ही एक झलौन एवं बिसानखेड़ी गांव के बीच पड़ने वाला पुल हैं, जो पिछले पांच वर्षों से जर्जर हालत में है। इसी जर्जर पुल से आवागमन जारी है। जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं और कई लोगों की जान इस पुल से जा चुकी है। गौर करने वाली बात ये हैं कि आसपास गांव के लोगों ने क्षतिग्रस्त हो चुके पुल की मरम्मत कराने के लिए शासन प्रशासन से मांग की, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है दरअसल यह पुल धनेटा ग्राम से आगे जाने वाले सर्रा मार्ग पर बिसनाखेड़ी ग्राम पहुंचने से पहले बना हुआ हैं। इस पुल की ऊपरी परत पांच साल पहले बरसात में बह गई थी, तभी से ये पुल ऐसा ही है। संबंधित विभाग ने पुल की मरम्मत कराना उचित नहीं समझा। वाहन चालकों का कहना है कि इस क्षतिग्रस्त पुल से निकलने पर डर बना रहता है कि कहीं हादसा न हो जाए। क्योंकि जब वाहन को पुल पर से निकालते हैं तो एक चक्का सड़क पर होता है तो दूसरा चक्का गड्ढा में। सबसे ज्यादा परेशानी लोडिंग वाहनों, ट्रैक्टर ट्राली निकालने के दौरान होती है। इसी तरह एक और पुल ऐसा है जो नीचे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और प्रति दिन इन पुलों से सैकड़ों वाहन आवागमन कर। रहे हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं, प्रशासन को इनकी जानकारी हैं, लेकिन बारिश खुलने के बाद भी न तो मरम्मत कराई जा रही है और न हो कोई सुधार हो रहा हैं। जिससे हादसों को रोका जा सके।

**तीन पुल वो भी कंडम हालत में**

क्षेत्र में बारिश में नदियों में आए तेज बहाव के कारण पुलों कि हालत खराब हो गई है और जर्जर हालत में पहुंच गए है। वर्तमान में झलोन से तारादेही मार्ग पर 15 किलोमीटर दूरी तय करने में तीन पुलों को पार करना पड़ता है, लेकिन ये तीनो क्षतिग्रस्त हालत में हैं। जिनके सुधार कार्य में संबंधित विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं। पिछले वर्ष तक क्षतिग्रस्त पुलों कि सख्या इस मार्ग पर दो थीं, लेकिन इस वर्ष यह संख्या 3 हो गई हैं। इनमें सबसे पहला पुल कुटी का नाला पर पड़ता हैं, जो झलोन और धनेटा के बीच पड़ता हैं। बारिश में पानी के तेज बहाव के कारण नीचे खड़े पिलरों और पुल की परत के बीच गेप हो गया है। पिलर नीचे से धंस गए है और क्षतिग्रस्त हो गए है। दूसरा पुल बिसानाखेड़ी ग्राम के पहले पड़ता हैं। इस पुल की एक परत पांच वर्ष पूर्व पानी में बह गई थी, तभी से ऐसा ही है। वही तीसरा पुल इसी मार्ग पर बमनोदा ग्राम के समीप हैं, जो केकरा नाले के नाम से जाना जाता हैं। इस वर्ष बारिश में पुल का आधा हिस्सा धरासाही हो गया है, जिसके बाद आवागमन काफी मुश्किल हो गया है। वर्षो से खराब हालत में पड़े उक्त पुलों को मिटाकर नए पुल बनवाए जाए, ताकि आगे से आवागमन सुविधाजनक हो सकें और दुर्घटनाएं बंद हो जाए। लोगों ने कहा कि वर्तमान बहुत दिक्क त हो रही है। जबकि बरसात में तो आसपास गांव टापू बन जाते हैं। क्योंकि ये पुल पूरी तरह से पानी में डूब जाते हैं। पुलों पर सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी की गई है। क्योंकि दोनों तरफ रेलिंग नहीं लगाई गई है। जिससे वाहन चालकों के साथ हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

**दर्जनों गांव जुडे**

बिसानखेड़ी ग्राम के समीप पड़ने वाला पुल मुख्य मार्ग पर हैं। जिससे होकर दर्जनों ग्राम के लोग आते-जाते हैं। पुल के एक तरफ झलोन, धनेटा, हरद्बुआ, सेहरी, पुरा सहित अन्य गांव है तो दूसरी ओर बिसानखेड़ी, ससना, सर्रा, कुदपुरा, भैसा, ससना खुर्द के अलावा तारादेही जाने के लिए यही मार्ग है। जब इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से बात करना चाही तो उनके श्री राम उत्सव में होने के कारण बात नहीं हो पाई है।

### रामचंदजी का जीवन आदर्शमय था- आर्यिका विशिष्टश्री माता जी

**पथरिया**। रामचंद जी का जीवन मर्यादित आदर्शों मय था।यह संस्कार उनको अपने माता-पिता से मिले।जो हर आत्मा में रमते हैं, जो जन-जन के नाथ हैं वे हैं श्रीराम। ऐसे श्रीराम का चरित्र सुनकर आत्मा पवित्र होती है। आत्मा इष्ट की प्राप्ति करती है वे हैं रामचंदजीहै।यह मंगल प्रवचनआर्यिकाश्री विशिष्टमति माता जी नेश्री राम प्राणप्रतिष्ठा समारोह के अवसर ब्रिटिश फास्ट इंग्लिश व के यशस्वी कांमेंट स्कूल में विद्यार्थियों व जन मानस के समक्ष कहे। आर्यिकाश्री कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा करनी है, नैतिक मूल्यों को कायम रखना है, भगवान श्रीराम के आदर्श जीवित रखने हैं, मानवता, करुणा व दया की भावनाओं को सुरक्षित बनाए रखना है तो आज के बच्चों को सुसंस्कारी बनाया जाना बहुत ही जरूरी है। सुसंस्कारी बच्चे ही सद्आचरण के धनी हो सकते हैं और वे ही इस गौरवशाली राष्ट्र को बचा पाएंगे।आर्यिकाश्री विशिष्टमति ने कहा कि जिस तरह गुलाव के पेड़ में कांटे व फूल दोनों होते उसी प्रकार मनुष्य के जीवन में सुख दुख आते है उसी पर विजय प्राप्त करते हुए अपने जीवन को उच्य स्तर तक ले जाना अपना लक्ष्य होना चाहिए।यह कार्य श्री राम ने अपने जीवन में किया। कार्यक्रम का संचालन विघालय संचालक जिनेन्द्र मलैया कार्यक्रम में कपिल दुवे, विघालय परिवार के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## डीजे को लेकर पुलिस एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष में विवाद

**हिंडोरिया**। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय बज रहे नगर में डीजे को मना करने पर पुलिस एवं भाजपा हिण्डोरिया मंडल अध्यक्ष, बजरंग दल कार्यकर्ताओं में कहा सुनी हो गई। बताया जाता है की प्राण प्रतिष्ठा के समय पुलिस थाना प्रभारी के द्वारा बस स्टैंड के पास चौराहा पर बज रहे डीजे को रोकने की खबर लगने पर कार्यकर्ता आक्रोषित हो गए। और मुख्य बाजार क्षेत्र में पुलिस के विरुद्ध जमकर नारे बाजी करने लगे। लोगो द्वारा जय श्री राम के नारे लगाए गए। यहां पर लोगो की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। स्थिति को उग्र होता देख पुलिस की जीप यहां से चली गई। लोगो के समझाने पर कुछ देर बाद मामला शांत हो गया। मंडल अध्यक्ष हल्कू सिंह एवं बजरंग दल प्रखंड संयोजक लखन ठाकुर ने बताया की प्राण प्रतिष्ठा के समय जब डीजे बज रहा था। जिसे थाना प्रभारी के द्वारा बंद करवा दिया गया। इसी पर हमलोगो ने थाना प्रभारी से कहा कि क्षेत्र में अनेक प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियाँ चल रही है। जिन्हे रोकने में पुलिस ना कामयाब है। और हमारे धार्मिक कार्यक्रम पर आप डीजे बजाने से रोक रहे हैं। हम तो डीजे बजेगा ही । और उसके बाद देर रात्रि तक मुख्य बाजार क्षेत्र में डीजे पर कार्यकर्ता नृत्य कर खुशियां मनाते रहे । पुलिस देखती रही। इस संबंध में थाना प्रभारी टीआई महेन्द्र सिंह जगेत ने बताया कि हमने राज्य सरकार के आदेश का पालन करने के लिये कहा था। साथ ही हमने कार्यस्थल पर डीजे परमिशन लेके बजाने को कहा था। हम कानून का राज स्थापित करने आगे भी कटिबद्ध रहेंगे।

### पराक्रम दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता



**दमोह**। केन्द्रीय विद्यालय दमोह में कल दिनांक 23 जनवरी 2024 को ष्परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर भारत सरकारके शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दमोह जिले के सत्रह विद्यालयों के कक्षा 9 से कक्षा 12 में पढ़ने वाले सौ विद्यार्थियों, इनमें केन्द्रीय विद्यालय दमोहए केन्द्रीय विद्यालय हटा एवं नवोदय विद्यालय हटा से दस .दस विद्यार्थी एवं दमोह के सेंट नाबर्ट स्कूलए महर्षि विद्या मंदिर, जेपीबी कन्या शाला, एक्सीलेन्स स्कूल, वीर दुर्गादास शालाए नवजागृति शालाए महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शालाए डॉक्टर अग्रवाल हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय सी एम राईज स्कूल, टाईम्स पब्लिक स्कूल, ओजस्विनी पार एक्सीलेंसस्कूल, शासकीय सरदार पटैल हायर सेकेण्डरी स्कूल, श्री गुरुनानक स्कूल एवं दमोह पब्लिक स्कूल से पाँच.पाँच विद्यार्थी ने भाग लेकर अपनी बहुत ही सुन्दर, मनोहारी एवं सार्थक अभिव्यक्ति की।प्रतियोगिता के विषय माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' पर दिए गए मंत्र,चंद्रयान एवं भारत की खेलों में सफलता पर आधारित थे। इस कार्यक्रम में दमोह के राष्ट्रीय स्तर पर उभरते कलाकार एवंकेंद्रीय विद्यालय दमोह के पूर्व छात्र आदर्श पलंदी। दमोह के स्थापित कलाकार तारिक रज़ा, वंडॉ सुश्री प्रेमलता नीलम जो कि भारत की जानी, मानी शब्द चित्रकार हैं ने निर्णायकों की भूमिका अदा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा पांच विजेता विद्यार्थियों जानवी जैन, सेंट नाबर्ट स्कूल, अनिल सिंह गोंड जवाहर नवोदय विद्यालय हटा, दीप्ति कोरी शासकीय सी एम राईज स्कूल प्रिया रजक केंद्रीय विद्यालय दमोह एवं अंशिका राजपूत केंद्रीय विद्यालय हटा को पुरस्कृत किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन्त्रों का पालन करते हुए निर्भय होकर पूर्ण आत्म विश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सर्वांगीण विकास हेतु पढाई के अलावा अन्य गतिविधियों जैसे खेलकूद, चित्रकला, वक्तव्य कला आदि में भी सक्रिय भागीदारी हेतु आह्वान किया। ज्ञातव्य हो कि देशभर के 500 केंद्रीय विद्यालयों में यह प्रतियोगिता एक साथ आयोजित की गई थी।

### नेता जी सुभाष चंद्रबोस जी की 126 वीं जयंती मनाई



**दमोह**। टाईम्स महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई संस्था के डायरेक्टर सर द्वारा नेता जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा देश के लिए किये बलिदान को याद किया एवं समस्त स्टाफ ने नेताजी द्वारा दिये जय हिन्द एवं तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा जैसे नारे का स्मरण करके उनके आजादी दिलाने मे योगदान को याद किया तथा उनकी शहादत का नमन किया।

### वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई की बैठक संपन्न

**दमोह**। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की दमोह युवा इकाई की बैठक का आयोजन वैश्य भवन जटाशंकर धाम में किया गया जिसमें वैश्य कार्यकारिणी के सदस्यों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल, जिला प्रभारी विक्रम साहू, महामंत्री मनीष जैन, जिला उपाध्यक्ष नवल साहू, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र चौरसिया, अभिषेक सोनी, कार्यकारिणी सदस्य सुलभ जैन, रूपेंद्र असाटी, अनमोल अग्रवाल, अभिषेक साहू, संकेत अग्रवाल की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य रूप से आने वाले 8 फरवरी को वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन आयोजित करने को लेकर चर्चा की गई। सभी ने अपने सहमति प्रदान करते हुए 8 फरवरी विशाल रक्तदान सिविर आयोजित करने को लेकर अपनी अपनी बात रखी।

## आने वाले समय में भारत भवन का नया स्वरूप देखने मिलेगा-संस्कृति मंत्री श्री लोधी



**दमोह**। भारत भवन भारतीय संस्कृति का अद्भुत उदाहरण है। यहाँ पर विभिन्न संस्कृति और कलाकारों द्वारा सजाई गई बेहतरीन कला का समावेश है। यह बात संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भारत भवन के भ्रमण के दौरान कही। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे परिष्कृत संस्कृति है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहरों के विकास और उत्थान का कार्य सतत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत भवन परिसर में लगभग एक एकड़ की भूमि पर 'कला ग्राम' विकसित किया जा रहा है। भारत भवन मध्यप्रदेश की कला और संस्कृति को प्रमोट करने में अहम भूमिका निभाता है। कला ग्राम के बनने से यह और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन जायेगी। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि आने वाले समय में भारत भवन एक नए स्वरूप में दिखेगा। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने मंत्री श्री लोधी को भारत भवन के विभिन्न ग्लैरी रूपांकर, रंगमहल, वागार्थ, अनहद, छवि आदि का भ्रमण कराया और जानकारी दी। इस अवसर पर भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री प्रेमशंकर शुक्ला उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में 57 आवेदन आये

**दमोह**। कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनसुनवाई में 57 आवेदन आये। इस अवसर पर जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दमोह**। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ पी एल जैन की अध्यक्षता में इको क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय पर्यावरण संरक्षण था। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर रेखा पटेल एसडीओ वन विभाग दमोह, डॉ नन्दराम सुमन सहायक प्राध्यापक पीजी कॉलेज दमोह एवं डॉ प्रशांत सोनी सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय पथरिया ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यशाला में जल की शुद्धता के बारे में डॉ नन्दराम सुमन के द्वारा टीडीएस किट के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।इसके साथ ही इको क्लब के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया इस कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती प्रीति वर्मा रही। कार्यक्रम में डॉक्टर एनपी नायक ,डॉ अरुणा एम जैन डॉ के के उमाहिया, डॉ अवधेश जैन, डॉ मुदिता प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ रेखा जैन, डॉ डी के नेमा ,डॉ आराधना श्रीवास, जया अहिरवार, डॉ असलम खान, डॉ अपर्णा गोस्वामी, डॉ प्रणव मिश्रा, डॉ पूजा जैन, डॉ राधा ताम्रकार, बृजेश मौर्य, नयनतारा, डॉ दिनेश पटेल,डॉ उमेश दीपंकर, डॉ अजय कुमार, डॉ ममता संघी, कल्याणी राय, अनुभा तिवारी, प्रिया थापा एवं समस्त स्टाफ एवं अधिक संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा रोके जाने पर कांग्रेस ने दिया धरना



**दमोह**। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय में एक घण्टे का धरना देकर कांग्रेस कमेटी ने अपना विरोध जताया ज्ञात हो असम सरकार के द्वारा अपनाये गये अडियल रवैया के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा में जिस प्रकार का अवरोध डाला गया एवं भाजपा के नेताओं के द्वारा पत्थरबाजी एवं झण्डे, बैनर को फाड़कर यात्रा को रोकने का प्रयास किया उसके विरोध स्वरूप जिला कांग्रेस कमेटी धरना आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री रतनचंद जैन कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, संगठन प्रभारी सतीश जैन, पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण टंडन, डीपी पटैल, पं.अरूण मिश्रा, राजेन्द्र दुबे, आशीष पटेल, मण्डल अध्यक्ष संजु अहिरवाल, घुमन अठ्या, शिवसींग लोधी, राजकुमार श्रीवास्तव एवं गजराज सिंह की उपस्थिति रही।

## युवक ने ससुराल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर दी जान



**तेंदूखेड़ा**। मंगलवार की सुबह वार्ड क्रमाक 9 में रायसेन जिला के सांची निवासी सुनील पिता बृजब्लम सोनी 30 ने अपनी ससुराल तेंदूखेड़ा आकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। उल्लेखनीय है कि मृतक युवक सोने चांदी का कार्य करता था लगभग 6 साल पहले युवक तेंदूखेड़ा आया था और उसने तेंदूखेड़ा निवासी पूजा सेन से प्रेम विवाह किया था पूजा अपने पति के साथ ससुराल में रहती थी और ग्यारह जनवरी को वह अपने मायके आई थी पूजा और मृतक युवक के दो बच्चे भी है जो अपनी माँ के साथ तेंदूखेड़ा आए हुए थे। घटना की जानकारी लगने के बाद मृतक का पिता, भाई और अन्य परिजन भी तेंदूखेड़ा पहुँचे लेकिन उन्होंने घटना को लेकर कोई जानकारी नहीं दी कि आखिरी उनके पुत्र और भाई ने ये कदम क्यों उठाया। मृतक युवक के ससुर मगन सेन नें बताया कि सुनील सोनी से उनकी लड़की का प्रेमविवाह पांच वर्ष पूर्व हुआ था जिसमें हम सभी की रजामंदी थी सोमवार को दिन मे उनके दामाद का फोन आया और उन्होंने पूजा और बच्चों को भेजनें की बात कही मैने मंगलवार की सुबह बेटी को भेजनें की बात कह दी मगर रात्रि मे ही दामाद कार से तीन बजे के लगभग तेंदूखेड़ा आ गए थे। मैं एक शादी में गया था इसलिए सुबह घर आया और आकर सो गया मगर सुबह बेटी नें बताया की दामाद नें कोई जहरीली दवा पीली है उसके बाद मे उनको लेकर स्वास्थ्य केंद्र आया परन्तु डाक्टरों नें उनको मृत बताया। मृतक युवक की पत्नी नें बताया कि शायद उनके घर में विवाद हुआ था जिसके कारण वह गुस्से मे आए थे और रात में जिस कमरे हम लोग सो रहे थे उसी में मेरे पति भी सो गए। सुबह उठते ही पेंट की जेब से एक शीशी निकली और उसमें रखी दवा पी ली। ससुराल पक्ष के परिजनों की शिकायत पर पुलिस नें मर्ग कायम करने के बाद शव का पोस्टमार्टम करानें के बाद परिजनों को शव सौप दिया है। एएसआई गजराज सिंह ने बताया कि सुनील पिता ब्रजब्लम सोनी ने जहरीले पदर्थ का सेवन कर लिया था जिसकी मौत हो गई परिजनों के बयानों के आधार पर मर्ग कायम मामले की जॉच की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं को सिंगौरगढ़ किले व जलाशय की सैर कराई



**दमोह**। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 'अनुभूति कार्यक्रम' का आयोजन सिंगौरगढ़ किला परिसर व सिंगौरगढ़ जलाशय में किया गया। यहां स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सिंगौरगढ़ किला समेत अन्य स्थानों की सैर कराई गई। उन्हें वन संपदा जैसे औषधीय पेड़-पौधों, बाघ जंगली जानवरों सहित कई रोचक जानकारी दी गई। इस मौके पर सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सहित भाट खमरिया हाई स्कूल के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखी। वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ नीरज पांडे ने विद्यार्थियों को नेचर ट्रायल, प्राकृतिक पर्यटन, ऐतिहासिक पर्यटन, वन्य जीव पक्षियों के विषय में रोचक जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों की चित्रकला, प्रश्न मंच, निबंध इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व शील्ड वितरित करते हुए वन संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जनसामान्य में वन, वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आयोजित अनुभूति कार्यक्रम के अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे, डिप्टी रेंजर किशोर कोरी, मास्टर ट्रेनर्स लाईक खान, बल रोहित, मुन्ना लाल सोनी सहित वन स्टाफ सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्कूल में छात्रा से मारपीट की शिकायत का मामला पहुंचा थाने, मामला दर्ज

**बनवार**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार में छात्रा की पिटाई की शिकायत लेकर पहुंची महिला अभिभावक से शिक्षकों के द्वारा अभद्रता गली गाली गलौंच करने की शिकायत पीड़ित छात्रा की बहिन ने बनवार पुलिस चौकी में दर्ज करवाते हुए आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। हालंकि शिक्षक दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत आवदेन देकर की है । पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं। पुलिस चौकी में दिए गए आवेदन बनवार निवासी सना खान पिता मुवीन ने बताया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार में हमारी दोनों बहने पढ़ती है। बेटी को स्कूल की छात्र एवं टीचर मार रहे थे जिको हमारी बहन ने देखा तो वह स्कूल से भाग कर घर आई । उन्होने बताया कि शाहबीन रानू यादव और विनोद पटेल जसवंत कोरी मार रहे है, परेशान कर रहे है जिसके बाद हम घर से स्कूल गए तो वहां पर हमारे साथ भी उक्त शिक्षकों के द्वारा गाली गलौज करते हुए अभद्रता कर स्कूल के गेट के बाहर निकाल दिया। हमको हमारी बहन से मिलने नहीं दिया जिसकी शिकायत बनवार पुलिस चौकी में करते हुए महिला अभिभावक ने उक्त शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग की है। बनवार पुलिस चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया इसके पहले विद्यालय की शिक्षकों के द्वारा चौकी में आकर आवेदन दिया है की उक्त महिला अभिभावक के द्वारा उसकी बहन एवं एक छात्रा के बीच विवाद हुआ था जिसको लेकर महिला अभिभावक के द्वारा छात्रा से मारपीट स्कूल के अंदर की जा रही थी। मना करने पर शिक्षकों के साथ भी गाली गलौज की गई है। पुलिस के द्वारा दोनों पक्ष के आवेदन के बाद मामले की जांच की जा रही है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची सिंगपुर



**दमोह**। विकसित भारत संकल्पर यात्रा जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत सिंगपुर, सुनवराह, भजिया बड़ी सलैया पहुंची। इस मौके पर मनदीप यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी जी के नेतृत्वी में यह यात्राए निकल रही हैं। इस सिलसिले में यात्रा के माध्याम से नागरिकों को केन्द्रर सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया जा रहा हैं। इसमे पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके गांव तक मिलने लगा हैं। साथ ही विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे, जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिला। इस अवसर पर रूपेश सेन, खड़क सिंह, संतोष अवस्थी, शिवम चौरसिया, देवेंद्र पटेल, सुरेश प्रजापति, जागेश्वर राय सहित सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्तिथि रही।